Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to formulate a plan to prevent annual flood and land erosion in Maldaha Uttar Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मालदा उत्तर, पश्चिम बंगाल में बाढ़ एवं कटान की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, मालदा जिला का अधिकांश भाग गंगा और फुल्हर नदी के तट पर बसा हुआ है। प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ एवं कटान के कारण तमाम गांव जैसे महानंदा टोला, भिलाई मारी, कहला, देवीपुर, उत्तर-दक्षिण भकुरिया इत्यादि गावों को बाढ़ एवं कटान के दौरान बहुत ही क्षति का सामना करना पड़ता है। महोदय, महानंदा टोला भिलाई मारी गांव गंगा नदी से 100 मीटर की दूरी पर बचा हुआ है एवं कई गांव जो नदी में विलीन हो चुके हैं, वे मालदा जिला के के.बी.झाव बोना ग्राम पंचायत जंजाली टोला, खास्साबरना, रसटोला, जबुनताला, रामायणपुर, रोहिमारी, कुली दियारा, हुसैनपुर, चिना बाजार, दुर्गाराम टोला, चौधरी पड़ा, अनूप नगर, इत्यादि हैं।

महोदय मैं पुनः आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि गंगा और फुल्हर नदी के बारे में कटान की रोकथाम के लिए मेरे द्वारा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को भी बहुत बार अवगत कराया गया है। अभी तक कटान की रोकथाम के लिए कोई ठोस क़दम नहीं उठाया गया। स्थायी कार्य योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए तथा अभी तक जो लोग कटान से प्रभावित होकर सड़कों पर जाने को मजबूर हैं, उनको पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाए तथा कटान के कारण उनको हुई क्षति का मूल्यांकन करते हुए, मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

HON. CHAIRPERSON : Shri Sushil Kumar Singh and Shri Mohanbhai Kundariya – not present.